# दिल्ली के अग्निकांड से क्या जागेगा प्रशासन सतना के अस्पतालों और होटलों में सुरक्षा भगवान भरोसे



*दिल्ली के मालवीय नगर में मैक्स हॉस्पिटल के पीछे स्थित एक होटल में लगी भीषण आग और उसमें झुलस कर हुई लोगों की मौत की खबर ने एक बार फिर सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी है।*

**पन्नीलाल चौक, जवाहर नगर और राजेंद्र नगर सहित कई रिहायशी इलाकों में धड़ल्ले से चल रहे अस्पताल; न इमरजेंसी गेट, न फायर सेफ्टी के पुख्ता इंतजाम**

सतना।

इस दिल दहला देने वाले हादसे के बाद अब सतना जिले की जनता भी बेहद चिंतित है और व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। लोगों के जेहन में अब एक ही बड़ा सवाल कौंध रहा है कि क्या सतना जिला प्रशासन और नगर निगम शहर के उन अस्पतालों और होटलों के खिलाफ कोई जांच अभियान चलाएगा,जो बिना सुरक्षा मानकों के धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं?

### फायर सेफ्टी राम भरोसे कागजों पर सिमटी टीम

अस्पतालों के साथ-साथ शहर के कई होटलों की स्थिति भी बेहद डरावनी है। कई जगहों पर आग बुझाने वाले आधुनिक उपकरण (फायर सेफ्टी सिस्टम) केवल शो-पीस बने हुए हैं या फिर सिरे से गायब हैं। जनता अब सीधे तौर पर सवाल पूछ रही है कि क्या नगर निगम की फायर सेफ्टी टीम ने कभी इन संवेदनशील परिसरों का ईमानदारी से मुआयना किया है। क्या केवल कागजी खानापूर्ति करके एनओसी बांट दी गई? जनता पूछ रही क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार है? दिल्ली के हादसे ने सतना के नागरिकों को झकझोर कर रख दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन हमेशा किसी बड़े हादसे के होने का इंतजार करता है और उसके बाद ही जागता है। शहर के जागरूक नागरिकों ने कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर से मांग की है कि तुरंत संयुक्त टीम का गठन कर शहर के सभी अस्पतालों,क्लीनिकों और होटलों की कड़ाई से जांच की जाए। जिन संस्थानों में इमरजेंसी गेट और फायर एनओसी न हो,उन्हें तत्काल सील किया जाए।

### रिहायशी इलाकों में बिना सुरक्षा के बांटे गए लाइसेंस

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,सतना शहर के पन्नीलाल चौक,जवाहर नगर,राजेंद्र नगर,प्रभात विहार कॉलोनी और भरहुत नगर जैसे घने रिहायशी और व्यापारिक इलाकों में बड़ी संख्या में निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं,और नए अस्पतालों के खुलने का सिलसिला लगातार जारी है। हैरानी की बात यह है कि इनमें से अधिकांश अस्पतालों में आपातकालीन निकास (इमरजेंसी गेट) तक नहीं है। यदि भगवान न करे कभी कोई अनहोनी हो जाए,तो मरीजों और स्टाफ का बाहर निकलना नामुमकिन हो जाएगा। इसके बावजूद,इन अस्पतालों को बिना किसी कड़े भौतिक सत्यापन के धड़ल्ले से लाइसेंस कैसे जारी कर दिए गए,यह अपने आप में एक बड़ा प्रशासनिक घालमेल है।

## अंधेरे में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली बनी काल तो कहीं आमने-सामने की भिड़ंत के बाद लगा किलो मीटर लंबा जाम; पुलिस ने संभाला मोर्चा





**सतना।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों के भीतर रफ़्तार और लापरवाही के कारण तीन बड़े सड़क हादसे सामने आए हैं। इन दुर्घटनाओं में जहाँ कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं,वहीं एक प्रमुख मार्ग पर घंटों चक्काजाम की स्थिति निर्मित रही। स्थानीय पुलिस और राहगीरों की तत्परता से घायलों को समय पर अस्पताल पहुँचाया गया।

**नागौद के पास कार और कमांडर जीप में सीधी भिड़ंत-** जिले के नागौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ एक तेज रफ्तार कार और कमांडर जीप के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को मलबे में तब्दील हो चुके वाहनों से बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच और घायलों की शिनाख्त में जुटी है।

**कोठी के पास आपस में भिड़े दो ट्रक,लगा भीषण जाम-** चित्रकूट-सतना मार्ग पर कोठी थाना अंतर्गत थाड़ी पत्थर के पास दो ट्रकों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया।

**हाईवे पर लगा लंबा जाम-** व्यस्त मार्ग होने के कारण दुर्घटना के तुरंत बाद चित्रकूट-सतना रोड पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और भीषण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँची और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर यातायात को सुचारू कराया।

**बिना रेडियम खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया बाइक सवार-** नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 1 स्थित सतना-रीवा मार्ग पर एक बार फिर सड़क किनारे खड़े वाहनों की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा हो गया। यहाँ एक बाइक सवार युवक सड़क किनारे पहले से खराब खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

**लापरवाही की इंतहाः -** बताया जा रहा है कि उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना किसी संकेतक (इंडिकेटर),नंबर प्लेट और बिना रेडियम पट्टी के अंधेरे में सड़क किनारे खड़ी थी,जिसके कारण बाइक सवार उसे भांप नहीं पाया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही रामपुर बाघेलान पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और स्थानीय नागरिकों की मदद से लहूलुहान हालत में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। पुलिस द्वारा घायल युवक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## 27 वर्षों की उपेक्षा के बाद धनवाही में विकास की नई शुरुआत



**मैहर।** मैहर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत धनवाही कला एवं ग्राम पटिया के ग्रामीणों ने वर्षों तक विकास के अभाव,मूलभूत सुविधाओं की कमी और जनसमस्याओं की अनदेखी का दर्द सहा है। गरीब,किसान,मजदूर,युवा एवं आम नागरिक अपने अधिकारों और बुनियादी सुविधाओं के लिए लगातार संघर्ष करते रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पटिया निवासी धीरेंद्र सिह ने क्षेत्र के विकास कार्यों एवं ग्रामीणों की आवश्यकताओं को लेकर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी से विस्तृत चर्चा कर कई महत्वपूर्ण मांगें प्रमुखता से रखीं। प्रमुख मांगों में ग्राम पटिया के मुक्तिधाम में स्नान घाट निर्माण। मुक्तिधाम तक पहुंचने हेतु मुख्य मार्ग से लगभग 100 मीटर पीसीसी सड़क निर्माण। ग्राम में एक नवीन हैंडपंप की स्थापना। नरोरा ग्राम से ग्राम पटिया होते हुए मांनटोलवा स्कूल तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण। आदिवासी दलित बस्ती में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना। नन्हे बच्चों के लिए आंगनबाड़ी भवन निर्माण किया जाना चाहिए। धीरेंद्र सिह ने मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी को अवगत कराया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अनेक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। गरीब,किसान,मजदूर, आदिवासी एवं वंचित परिवारों की समस्याओं को वे भली-भांति समझते हैं,इसलिए समय-समय पर ग्रामीणों की आवाज बनकर जनहित के मुद्दों को शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष मजबूती से रखते रहे हैं। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

## सरकारी अस्पताल के ओपीडी में बंद रहीं छात्राएं, कर्मचारियों ने बिना देखे लगाया ताला



सतना।

सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल में लापरवाही का एक मामला सामने आया है। यहां नवीन ओपीडी भवन में इलाज के लिए आईं दो छात्राओं को कर्मचारियों ने अंदर ही बंद कर दिया। कर्मचारियों ने बिना जांच-पड़ताल किए ओपीडी के गेटों पर ताला लगा दिया,जिससे छात्राएं करीब आधे घंटे तक भवन के अंदर फंसी रहीं। यह घटना तब हुई जब छात्राएं डॉक्टर को दिखाने के लिए नवीन ओपीडी में इंतजार कर रही थीं। अस्पताल के नियमों के अनुसार,दोपहर 2 बजे के बाद डॉक्टर ब्रेक पर चले जाते हैं और ओपीडी बंद करने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। स्टाफ ने बिना देखे लगा दिया ताला इसी दौरान,अस्पताल स्टाफ ने यह सुनिश्चित नहीं किया कि भवन के अंदर कोई मरीज या परिजन मौजूद है या नहीं। लापरवाही पूर्वक सभी गेटों पर ताला लगा दिया गया और कर्मचारी वहां से चले गए। छात्राओं ने बाहर निकलने के लिए आवाज लगाई,लेकिन काफी देर तक उनकी बात नहीं सुनी गई। करीब आधे घंटे तक परेशान रहने के बाद छात्राओं ने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू किया। इसके बाद अस्पताल के कुछ कर्मचारियों का ध्यान उनकी ओर गया। मौके पर पहुंचने पर स्थिति का पता चला और ताला खोला गया,जिसके बाद छात्राएं बाहर निकल सकीं।

## जनसुविधाओं को लेकर कांग्रेस का जनजागरण अभियान प्रारंभ
## 9 जून को नगर पालिका घेराव आंदोलन का ऐलान



**मैहर।** धार्मिक नगरी मैहर में व्याप्त जनसुविधाओं की समस्याओं,नगर पालिका के कथित कुप्रबंधन एवं अव्यवस्थाओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जनजागरण अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई (रोमी भैया) के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने नगर भ्रमण,प्रभात फ़ेरी एवं जनसंपर्क अभियान चलाकर आम नागरिकों को नगर की समस्याओं से अवगत कराया तथा जनहित के मुद्दों पर एकजुट होने का आह्वान किया और आम जनता का जन समर्थन जुटाया। अभियान के दौरान कांग्रेस नेताओं ने शहर के विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। जगह-जगह फैली गंदगी, कचरे के ढेर,चोक नालियां,खराब सड़कें एवं अन्य नागरिक समस्याओं को लेकर नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े किए गए।भ्रमण के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सड़क किनारे कचरे के बड़े ढेर और उनमें भोजन तलाशते मवेशियों का दृश्य देखने को मिला,जिसे कांग्रेस नेताओं ने नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बताया। नेताओं का कहना था कि एक ओर मैहर विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी के रूप में पहचान रखता है,वहीं दूसरी ओर शहर की मूलभूत व्यवस्थाएं लगातार बदहाल होती जा रही हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई (रोमी भैया) ने कहा कि नगर पालिका में व्याप्त अव्यवस्थाएं अब जनता के धैर्य की परीक्षा ले रही हैं। सफाई, पेयजल, सड़क, पेंशन और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर नागरिक लगातार परेशान हैं,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जन प्रतिनिधि समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। नगर की समस्याओं को लेकर चलाया जा रहा यह जनजागरण अभियान केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि जनहित का आंदोलन है। यदि प्रशासन ने समय रहते जनता की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विपक्ष के सवालों से भाग रही सरकार, जनता देगी मुंहतोड़ जवाबः सिद्दीकी



**सतना।** जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर के अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर की गई टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की ऐसी अशोभनीय भाषा भाजपा के सत्ता के अहंकार और बौखलाहट को साफ दर्शाती है।आरिफ इकबाल ने कहा कि प्रदेश सरकार बेलगाम महंगाई, भ्रष्टाचार,बेरोजगारी और नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों पर पूरी तरह मौन है। सतना के स्थानीय मुद्दों को उठाते हुए उन्होंने कहा कि शहर की बदहाल सड़कों को लेकर धरने पर बैठे व्यापारियों की समस्याओं को महापौर योगेश ताम्रकार 'चैंबर चुनाव की राजनीति' बताकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं,वहीं सांसद गणेश सिंह जनहित के सवालों से भाग रहे हैं। इसके अलावा सरकार सिंगरौली और बुंदेलखंड में आदिवासियों व गरीब किसानों की जमीनें जबरन छीनकर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रही है,जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि बलपूर्वक विस्थापन पर तुरंत रोक लगे और आंदोलनकारियों पर दर्ज झूठे मुकदमे वापस लिए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कुशासन के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करेंगे और 2028 में जनता के सहयोग से प्रदेश में कांग्रेस की जनहितैषी सरकार बनना तय है।

### विश्व साइकिल दिवस पर निकाली गयी साइकिल जन जागरूकता रैली

**मैहर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत,जिला मैहर के तत्वावधान में सेवा वाहिनी एवं योगा ट्रेनिंग मैहर,मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के सहयोग से आज प्रातः 6 बजे साइकिल जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने खेल मैदान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने मेरा युवा भारत द्वारा 15से 29 वर्ष के युवाओं के लिए आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा,स्वास्थ्य,स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ साइकिल चलाकर समाज को स्वस्थ रहने की प्रेरणा दें।

### भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई का निरीक्षण



**मैहर।** सिविल अस्पताल मैहर में मरीजों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन एवं साफ-सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी एवं सभापति पार्षद अशोक चौबे द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता,स्वच्छता और पोषण स्तर का अवलोकन किया तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का भी जायजा लिया। निरीक्षण के बाद दोनों जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व की अपेक्षा अस्पताल काफी स्वच्छ,व् यवस्थित और सुंदर दिखाई दे रहा है। उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ पौष्टिक भोजन और स्वच्छ वातावरण मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन एवं कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। साथ ही भविष्य में भी साफ-सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए,ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर और सम्मानजनक वातावरण मिल सके।

### प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले केश, हमारा प्यारा श्याम नरेश

**सतना।** पूज्य बाबा मेहर शाह दरबार में महंत स्वामी पुरषोत्तमदास जी के सानिध्य सनातन भक्ति महोत्सव के समापन अवसर पर भव्य खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन अत्यंत श्रद्धा,भक्ति एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। बाबा मेहरशाह दरबार के प्रमुख प्रवक्ता राजकुमार बजाज ने बताया कि समापन अवसर पर खाटूश्याम भजन संध्या कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। भीड़ का आलम यह था कि दरबार परिसर में कहीं भी खड़े होने तक के लिए स्थान शेष नहीं था।



## खबर संक्षेप

### लाठी-डंडे से मारपीट करने वाले आरोपी को 1 वर्ष का कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला अभियोजन संचालनालय, पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता, एडीपीओ के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, सहायक उपनिरीक्षक शिवमणी शुक्ला को राजेश लोधी ने राजकिशोर लोधी पिता रामकुमार लोधी निवासी हरीरा द्वारा दिनांक 24.01.2020 को शाम करीब 05:00 बजे लूका हरीरा के बीच मनोज लोधी के घर के पास उसके पिता की मारपीट करने व 108 एम्बुलेंस वाहन से अस्पताल सलेहा लाने की सूचना दी थी, उक्त सूचना को रोजनामचा सान्हा क्रमांक 37 दिनांक 24.01.2020 समय 19:26 बजे पर दर्ज कर पीएचसी सलेहा में डॉक्टर नहीं होने से आहत नत्थू लोधी पिता विश्वनाथ लोधी उम्र 64 वर्ष निवासी हरीरा की एमएलसी जिला अस्पताल पन्ना से कराई गई। रोजनामचा सान्हा क्रमांक 37 दिनांक 24.01.2020 दर्ज सूचना की जांच दौरान आहत नत्थू प्रसाद लोधी, साक्षी राजेश लोधी, झूनाबाई के पूछ ताछ कर कथन लेख किये गये। आहत नत्थू लोधी की एमएलसी रिपोर्ट एवं कथन तथा साक्षीगणों के कथनों से आरोपी राजकिशोर लोधी पिता रामकुमार लोधी निवासी हरीरा के द्वारा आहत नत्थू प्रसाद लोधी की लूका हरीरा रोड में मनोज लोधी के घर के आगे रास्ता छेंककर अश्लील गालियां देते लकड़ी की लाठी से मारपीट कर चोट पहुंचाना व जान से मार डालने की धमकी देना पाया गया।

### कलेक्टर ने विक्रेताओं की सुनी समस्याएं, सुचारू रूप से राशन वितरण के दिए निर्देश

पन्ना। कलेक्टर ऊषा परमार ने बुधवार को शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं की बैठक लेकर उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना और निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। विक्रेता संघ द्वारा कोविड काल में बकाया राशि के भुगतान एवं अन्य शेष भुगतान के संबंध में अवगत कराया गया था। इस दौरान जिले की 88 समितियों की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली गई। जिला कलेक्टर ने उपस्थित विक्रेताओं को राशन वितरण व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से सुचारू रूप से समय पर राशन वितरण सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देशित किया तथा कुछ स्थानों पर खाद्यान्न हितग्राहियों से राशन वितरण के पूर्व अंगूठा लगवाने की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त कर स्थिति में सुधार के लिए सख्त निर्देश दिए। विक्रेता संघ के अध्यक्ष को प्रत्येक विक्रेताओं के साथ आवश्यक चर्चा कर बैठक के निर्णयों से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही सेल्समैन को कॉमन सर्विस सेंटर की भांति अतिरिक्त आय के स्रोत निर्मित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अन्नदूत योजना के तहत वाहनों के माध्यम से खाद्यान्न पहुंचाने वाले परिवहनकर्ताओं से भी चर्चा कर समस्याएं सुनी गईं तथा डीजल और श्रमिकों सहित अन्य आवश्यक मांगों के संबंध में शासन स्तर से जरूरी समन्वय की कार्यवाही से अवगत कराया गया। अन्नदूत परिवहनकर्ताओं द्वारा बैठक में कुछ स्थानों से उपार्जित गेहूं के परिवहन की सहमति भी दी गई। इस दौरान उचित मूल्य दुकानों में समय पर खाद्यान्न पहुंचाकर अविलंब पीओएस मशीन से पावती प्राप्त करने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नरेन्द्र सिंह धुर्वे, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.के. कन्नौजिया, सहायक पंजीयक सहकारी समिति सौरभ जैन कोठिया भी उपस्थित रहे।

# आखिर पन्ना जिले को क्या मप्र की भाजपा सरकार ने इस बार मंत्री का पद नसीब हो पायेगा?

जहां से तीन-तीन विधायक वहीं खजुराहो सांसद फिर भी जिले को मंत्री पद किसी भी विधायक को उचित नहीं समझा जा रहा प्रभावित हुआ विकास आखिरकार पन्ना बुन्देलखण्ड का सबसे पिछड़ा जिला फिर भी सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी से नवाजा जाने को लेकर आज भी आस लगाने की दास्तां



पन्ना। अटकलों का दौर तो कई बार चला पन्ना जिले से शायद इस बार मंत्री पद क्या किसी भी विधायक को नसीब नहीं होगा वहीं कुछ जिलों में दो-दो मंत्री वहीं पन्ना के साथ यह भेदभाव अपने आप में कहीं न कहीं चर्चा का विषय जरूर है। दमोह जिले की बात करें तो जहां से दो-दो मंत्री बनाये गये है वहीं पन्ना जिला जो आज भी तीन विधायकों में से किसी को भी मंत्री पद देना उचित नहीं माना जा रहा आखिरकार पन्ना जो बुन्देलखण्ड में भाजपा के लिये सबसे पसंदीदा जिला माना जाता है जहां से लगभग हर बार भाजपा की ही विजय का परचम जाना जाता है। वहीं कई बार सुगबुगाहट तो होती है मंत्री मण्डल विस्तार में इस बार पन्ना को तरजीह दी जायेगी पर फिर भी वहीं के वहीं हालात हो जाते है। मंत्री पद किसी भी विधायक को प्रदान करने से जिले के विकास में कहीं न कहीं तो मार्ग प्रसस्त्र होता है उदाहरण के तौर पर पन्ना जिले से पूर्व में बृजेन्द्र प्रताप सिंह को मंत्री पद से नवाजा गया था। जिसके चलते निश्चिततौर पर बड़े कार्य कहीं न कहीं विकास की दिशा तय करने को लेकर जाने गये इस बार का कार्यकाल बड़े विकास कार्यों को लेकर आज भी बाट जोह रहे है। निश्चिततौर पर क्षेत्र से प्रतिनिधित्व होता है तो विकास की दिशा अलग ही जानी जाती है। आखिर खजुराहो सांसद जब तक प्रदेशाध्यक्ष थे तब तक यह माना जा रहा था कि शायद इसी वजह से पन्ना को मंत्री पद नहीं दिया गया पर अब तो खजुराहो सांसद भी प्रदेशाध्यक्ष नहीं तो क्या अब मंत्री पद पन्ना जिले के तीन विधायकों में से किसी को तो उचित माना जाये ताकि पन्ना जिले के विकास को लेकर पड़ोसी जिलों की तरह पन्ना भी आगे बढ़ सके आखिरकार जब तक पन्ना से मंत्री पद नहीं मिलता तो निश्चिततौर पर इस बार की सरकार में पन्ना के प्रति कहीं न कहीं मायूसी कहें या फिर बेपरवाह हालात क्योंकि भाजपा को यहां से सफलता तो मिलती ही है शायद इस कारण से उचित नहीं माना जा रहा क्या? पर सवाल तो यह है कि जिस तरह से दमोह जिले से दो-दो मंत्री पद वहीं पड़ोसी जिले छतरपुर से भी मंत्री पद प्रदान किया गया वहीं पड़ोसी जिला सतना से भी मंत्री पद प्रदान किया गया है तो फिर पन्ना जिले के साथ कंजूसी क्यों? आखिरकार कब होगा हमारे तीन विधायकों में से किसी को मंत्री पद नसीब राजनैतिक अटकलों काा दौर जारी।

## पन्ना में आंगनबाड़ी सहायिका की संदिग्ध मौत, लिव-इन पार्टनर से पूछताछ जारी






**पन्ना।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक किराए के मकान में 33 वर्षीय आंगनवाड़ी सहायिका मनीषा वर्मा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, मनीषा वर्मा पिछले लगभग तीन वर्षों से बस चालक मनोज वर्मा के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थीं। बताया जा रहा है कि उन्होंने अपने पहले पति से तलाक लेने के बाद मनोज के साथ रहने का निर्णय लिया था। दोनों न्यायालय के आदेश के बाद पन्ना में साथ रह रहे थे। इस मामले को लेकर एक वर्ष पूर्व भी दोनों चर्चा में आए थे, जब कोतवाली थाना के सामने सड़क पर उनके बीच हुए विवाद और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। हालांकि बाद में दोनों के बीच समझौता हो गया था। अब मनीषा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस आत्महत्या और अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। मृतका के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है। वहीं, लिव-इन पार्टनर मनोज वर्मा से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## अमानगंज क्षेत्र के युवाओं का फूटा गुस्सा, जेके सीमेंट पर उठे रोजगार और सुरक्षा के बड़े सवाल

**अमानगंज।** अमानगंज में समाजसेवी तिलक राज पटेल के नेतृत्व में करीब आधा सैकड़ा युवा तहसील कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जेके सीमेंट कम्पनी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। युवाओं का कहना है कि जिस कम्पनी को पन्ना की धरती, पानी और संसाधन मिले, वही कम्पनी पन्ना के युवाओं को रोजगार देने में लगातार कंजूसी कर रही है। स्थानीय बेरोजगार युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं, जबकि कम्पनी में बाहरी जिलों के लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। ज्ञापन में कम्पनी में हुई मौतों का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया गया। युवाओं ने आरोप लगाया कि हर घटना को ष्हादसाष बताकर फाइल बंद कर दी जाती है। गुरजीत की मौत हो या फिर हाइड्रा मशीन से दबकर मजदूर की जान जाने का मामला, दोनों घटनाओं की निष्पक्ष और सार्वजनिक जांच की मांग की गई है। सवाल यह भी उठाया गया कि आखिर मजदूरों की मौतों का सच कब सामने आएगा और जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी?





युवाओं ने कम्पनी परिसर के बाहर फैले धूल प्रदूषण को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि विकास के नाम पर यदि लोगों को बीमारी और प्रदूषण ही मिलना है तो ऐसे विकास का लाभ किसे मिल रहा है? तिलक राज पटेल ने कहा कि पन्ना के युवाओं के अधिकारों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि स्थानीय युवाओं को रोजगार, मृतक मजदूरों के परिवारों को न्याय और प्रदूषण से राहत नहीं मिली तो आने वाले समय में आंदोलन और उग्र किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में धीरेंद्र प्यासी, दीपेंद्र पटेल, बहादुर चौधरी, राजकुमार चौधरी, विनय चौरसिया, सौरभ राजा, मनोज पटेल, दीपक कुशवाहा, आसाराम पटेल, जितेंद्र पटेल, सचिन पटेल, अरविंद चौधरी, सौरभ दुबे, सत्यम चतुर्वेदी, दशरथ रजक, देवेंद्र पांडे, मोहित व्यास, बलराम तिवारी, रोहित पाठक, सोहेब खान, मकसूद अली, अनिल सोनी, शैलेंद्र शर्मा, मोहित बर्मन सहित आधा सैकड़ा युवा मौजूद रहे। अब देखना यह है कि पन्ना की धरती से करोड़ों का कारोबार करने वाली कम्पनी स्थानीय युवाओं को रोजगार और मजदूरों को न्याय देने की दिशा में कदम उठाती है या फिर सवालों के बीच चुप्पी साधे रहती है।

# गुनौर बस स्टैंड में लगी भीषण आग किराना दुकान जलकर खाक, लाखों का नुकसान





**गुनौर।** नगर के व्यस्ततम क्षेत्र बस स्टैंड स्थित नितिन गुप्ता की किराना दुकान में देर रात अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयंकर थी कि दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। लपटें कई फीट ऊंचाई तक उठ रही थीं। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की भयावहता के आगे सभी प्रयास नाकाम साबित हुए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी आग पर तत्काल काबू नहीं पाया जा सका। घंटों की कड़ी मेहनत के बाद आग को फैलने से रोका गया। बताया जा रहा है कि दुकान में किराना सामग्री, खाद्य पदार्थ, फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक सामान रखा हुआ था, जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार व्यापारी को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। हालांकि नुकसान का वास्तविक आकलन जांच के बाद ही सामने आ सकेगा। घटना के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। शॉर्ट सर्किट या अन्य किसी कारण से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन प्रशासन और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हुए हैं। इस घटना ने एक बार फिर नगर की अग्निशमन व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते पर्याप्त संसाधनों के साथ आग पर काबू पा लिया जाता तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। फिलहाल प्रशासन द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं पीड़ति व्यापारी के सामने रोजी-रोटी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

### प्रभु वाणी ही औषधि है -आचार्य विवेकसागर जी



**देवेंद्रनगर।** प.पू. ज्ञानवारिधि आचार्य श्री 108 विवेकसागर जी महाराज ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि जिनवचन रूपी औषधि विषम सुख को दूर करने वाली है, अमृतरूप है। एक-एक शब्द परम औषधि का कार्य करने वाली है, बुढ़ापा, मरण आदि की पीड़ा को हरने वाली है। समस्त दुःखों को नष्ट करने वाली है। प्रभु की वाणी मानव जीवन की सार्थकता है। इसी से पीड़ा भी परमात्मा बनने का उपाय/मार्ग प्राप्त होता है। इसी से भावों की विशुद्धि बनने लगती है। पाप भाव मन्द होने लगते हैं, पुण्य प्रबल होने लगता है। यही अज्ञान अंधकार को दूर कर ज्ञान प्रकाश को प्राप्त करना है। गुरुदेव ने आगे कहा कि प्रभु की वन्दना करने से हम वन्दनीय हो जाते हैं और निन्दा करने से निन्दनीय हो जाते हैं। बताया कि जीवन केवल भोजन के लिये, धन के लिये नहीं मिला है। इसे ध्यान के उपयोग मे स्थिर करना चाहिए। जो ध्यान रखकर प्रभु के गुणों का उत्साहपूर्वक गुणगान करते हैं, उन्हें अपने भले-बुरे कर्मों का दुःखद फल नहीं भोगना पड़ता है। जो प्रभु के गुणों का गान-आराधना नहीं करते हैं, उनकी विद्या और सम्पत्ति सब व्यर्थ हैं। प्रभु की वाणी शिवलोक की प्राप्ति में सहायक है। प्रत्येक वस्तु की शोभा उसके अपने गुणों से ही है। जैसे मकान की नींव उसकी आधार शिला होती है, वैसे ही मनुष्य जीवन के लिये प्रभु भक्ति आराधना उसकी प्रथम आधार शिला होती है।

## जन कल्याण अभियान में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देना करें सुनिश्चित

पन्ना। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर्स से कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकता के अनुरूप 5 जून से आयोजित होने वाले जनकल्याण अभियान में पात्र हितग्राहियों को केन्द्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि इस दौरान विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम और स्वच्छता अभियान, जनकल्याण शिविर, प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस गतिविधियों का उत्कृष्ट क्रियान्वयन हो। मुख्य सचिव श्री जैन बुधवार को मंत्रालय से कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए अभियान की तैयारियों की समीक्ष कर रहे थे।



इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, डिप्टी कलेक्टर अनिल कुमार तलैया एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 25 दिन पूर्व खजुराहो से काउंटडाउन शुरू हुआ है। ऐसे में हम सबका यह उत्तरदायित्व है कि शरीर को निरोगी रखने वाले योग से जन-जन को जोड़ें और नया रिकार्ड कायम करें। उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स प्रयास करें कि योग का एक कार्यक्रम जिले की ऐतिहासिक धरोहर अथवा पर्यटन स्थल पर जरूर आयोजित हो। बैठक में बताया गया कि गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए योग की व्यक्तिगत श्रेणी की गतिविधि 14 जून को भी होगी, जिसमें लोग टोल फ्री नंबर 18003157008 पर पंजीयन करवा सकते हैं। इस दिन यह आयोजन सुबह 6.15 से 7.35 बजे तक होगा। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री से समन्वय कर कलेक्टर्स विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक होने वाली सभी गतिविधियों के लिए प्लान तैयार करें तथा पूरी प्लानिंग से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण किया जाए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव 5 जून को भोपाल से अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान पूरे प्रदेश में जल चेतना और पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। पौधरोपण जियो टैगिंग और क्यूआर कोड के साथ किया जाएगा। इस गतिविधि के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर ठोस और प्लास्टिक अपशिष्ट की सफाई के साथ जल स्त्रोतों की सफाई और गहरीकरण के कार्य भी किए जाएंगे। मुख्य सचिव ने 12 से 18 जून की अवधि में हर ब्लाक में 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर लगाने पर सर्वाधिक फोकस करने के कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हितग्राही का योजनाओं के लिए चयन और प्रचलित योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने में पूरी गंभीरता बरतें। उन्होंने इस दौरान लोक सेवा गारंटी में प्राप्त शिकायतों के साथ ही समाधान एक दिन में प्राप्त आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रयास हो कि समय-सीमा में ही आवेदकों की जायज मांगो और शिकायतों का समाधान हो जाए। संबंधित विभाग संवदेनशील रहें और यह सुनिश्र्चित करें कि कोई भी वंचित पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से नहीं छूटे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि 19 और 20 जून को हर जिले में अनिवार्य रूप से प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी और कार्यशालाएं दो-दो स्थानों पर आयोजित की जाएं। उन्होंने कृषि भूमि को अधिक उपजाऊ बनाए रखने के लिए फर्टिलाइजर के उपयोग को हतोत्साहित करने और प्राकृतिक खेती को अपनाने पर फोकस करने के लिए कहा। अभियान के अंतिम दिन 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को समाज के सभी वर्गों की भागीदारी से देश में अग्रणी बनाने के निर्देश भी दिए।

## वर्षाकाल में संभावित बाढ़ आपदा की स्थिति से निपटने के लिए समय पूर्व करें आवश्यक तैयारियां- कलेक्टर




**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा है कि वर्षाकाल के पूर्व जिले में संभावित बाढ़ आपदा की स्थिति से बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर लें। संभावित बाढ़ की स्थिति वाले क्षेत्र और ग्रामों में जनहानि और वर्षाजनित बीमारियों से बचाव के भी माकूल प्रबंध सुनिश्चित हों। अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पाबंद किया जाए। साथ ही समय पूर्व वैकल्पिक व्यवस्थाओं को भी अंतिम रूप दें। जिला कलेक्टर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से आपदा प्रबंधन के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की जानकारी लेकर कार्ययोजना मुताबिक कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि बाढ़ आपदा की स्थिति में प्राथमिकता के साथ बचाव और राहत कार्य जरूरी है। इसके लिए सूचना तंत्र को सुदृढ़ करें और किसी भी आपात स्थिति की सटीक सूचना पर समन्वय के साथ बचाव कार्य को अंजाम दें। डूब वाले क्षेत्रों में त्वरित रूप से कार्य कर प्रभावित लोगों को अस्थाई शिविर में विस्थापित करना आवश्यक है। संभावित खतरे और समस्या पर चर्चा कर इसके लिए जरूरी उपायों पर विचार विमर्श किया गया। लोक निर्माण विभाग सहित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के तहत आवश्यकतानुसार रोड मरम्मत के निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर जिला सेनानी होमगार्ड शालिवाहन पाण्डेय द्वारा विभिन्न स्थानों पर आपदा राहत केन्द्रों की जानकारी दी गई। साथ ही नाव, लाइफ जैकेट सहित अन्य सामग्रियों की उपलब्धता के बारे में अगवत कराया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आवश्यक प्रबंध का ट्रायल कर प्रत्येक सामग्री को पुनः चेक कर लें। साथ ही जरूरी कार्यों का प्रस्ताव भी अविलंब प्रस्तुत करें। टीम द्वारा जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया जाए। साथ ही एसडीएम और तहसीलदार द्वारा महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सूची और संपर्क नंबर भी साझा किया जाए। स्थानीय पुलिस द्वारा भी किसी भी अप्रिय स्थिति पर सख्ती के साथ कार्रवाई की जाए। सिल्वर फॉल और बृहस्पति कुंड जैसे स्थानों पर विशेष निगरानी की जाए। बताया गया कि वर्षाकाल में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी सक्रिय रहेगा। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन मेघेन्द्र बंदोपाध्याय को कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07732-253362 है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं डिप्टी कलेक्टर अनिल कुमार तलैया सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत सीईओ भी उपस्थित रहे।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**छतरपुर**। छतरपुर के लगभग 550 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। यह धरना प्रदर्शन सीएमएचओ कार्यालय के समीप किया जा रहा है। हड़ताल के कारण जिले की स्वास्थ्य सेवाएं और रिपोर्टिंग कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।




### सभी कैडर के कर्मचारी हड़ताल में शामिल

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपेश नायक और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ज्योति अहिरवार ने बताया कि इस हड़ताल में एएनएम, सीएचओ, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट और डाटा ऑपरेटर सहित मैनेजिंग कैडर के सभी कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग और अन्य स्टाफ रीढ़ की हड्डी की तरह कार्य करता है, लेकिन सरकार उनकी उचित मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है।

संविदा स्वास्थ्य नीति 2023 को पूर्ण रूप से लागू किया जाए। सभी कैडर के कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। नियमित कर्मचारियों की भांति डीए और अन्य भत्ते प्रदान किए जाएं। सीएचओ कैडर के पीबीआई को सैलरी में मर्ज किया जाए और स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाए। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 7 जून तक जिला स्तर पर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो 8 जून से पूरे मध्य प्रदेश के लगभग 32,000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

## महंगाई और बिजली समस्याओं के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**महाराजपुर। बढ़ती महंगाई, घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि, बिजली कटौती और स्मार्ट मीटर व्यवस्था के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को महाराजपुर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और बाद में कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।**

युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। महंगाई के कारण गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही लगातार हो रही बिजली कटौती तथा स्मार्ट मीटर व्यवस्था से भी लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के संबंध में की गई टिप्पणी पर भी आपत्ति जताते हुए विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मूलभूत मुद्दों पर सरकार को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। प्रदर्शन के बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जनहित के मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



## खेत में अर्बी निकालते समय महिला को जहरीले सांप ने डसा, जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर**। जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टपरियन में खेत पर काम कर रही एक महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिजन उसे पहले झाड़-फूंक के लिए गांव ले गए, इसके बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार घायल महिला यशोदा पाल 35 वर्ष पत्नी घनश्याम पाल निवासी ग्राम टपरियन बुधवार सुबह अपने खेत पर अर्बी लगाने का कार्य कर रही थी। सुबह करीब 11:30 बजे खेत में रखे अर्बी के ढेर से अर्बी निकालते समय उसमें छिपे बैठे एक जहरीले सांप ने महिला के सीधे हाथ की उंगली में काट लिया।

घटना के समय महिला के बच्चे भी खेत पर मौजूद थे। उन्होंने तुरंत अपने पिता घनश्याम पाल को इसकी सूचना दी। जानकारी मिलते ही घनश्याम पाल खेत पहुंचे और पत्नी को निजी वाहन से पहले ग्राम भियताल लेकर गए, जहां झाड़-फूंक करवाई गई। हालांकि महिला की हालत को देखते हुए परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में महिला को महिला मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। घटना के बाद परिवार के लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## आईटीआई में प्रवेश अभियान, 30 जून तक कराएं पंजीयन

**छतरपुर**। शासकीय आईटीआई छतरपुर में प्रवेश सत्र 2026 के लिए विभिन्न रोजगारपरक ट्रेड्स में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आठवीं एवं दसवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी योग्यता के अनुसार विभिन्न ट्रेड्स में प्रवेश लेकर तकनीकी दक्षता प्राप्त कर सकते हैं।

जिला प्रशासन ने अभिभावकों एवं युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और समय रहते पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि जिले का कोई भी युवा तकनीकी शिक्षा के अवसर से वंचित न रहे। आईटीआई प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित पोर्टल की लिंक पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई छतरपुर से संपर्क किया जा सकता है।

## अवैध बालू उत्खनन में मिट्टी धंसने से युवक की मौत, लगभग 15 फीट गहरी सुरंग बनी हादसे की वजह

**महाराजपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम ढिकपुरा में अवैध बालू उत्खनन के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना बुधवार सुबह करीब 8 बजे मड़ियान घाट के पास नदी किनारे स्थित खेत की कगर के नीचे हुई, जहां लंबे समय से अवैध रूप से बालू निकाली जा रही थी।**



जानकारी के अनुसार ग्राम ढिकपुरा निवासी मिजाजी कुशवाहा (42) पिता बंदी कुशवाहा अन्य लोगों के साथ खेत के नीचे से बालू निकाल रहे थे। लगातार उत्खनन किए जाने के कारण खेत के नीचे लगभग 15 फीट से अधिक गहरी सुरंग बन चुकी थी। इसी दौरान अचानक खेत की मिट्टी भरभराकर गिर गई और मिजाजी कुशवाहा उसके नीचे दब गए।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल मिट्टी हटाकर उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। सूचना मिलने पर महाराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई की।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर महाराजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉ. आलोक चौरसिया ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया घटना के बाद ग्राम ढिकपुरा सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं अवैध बालू उत्खनन के कारण हुए इस हादसे ने प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## प्रेमी पर युवती को जिंदा जलाने का आरोप, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**चंदला**। थाना क्षेत्र में विवाह को लेकर हुए विवाद ने एक युवती की जान ले ली। पुलिस ने युवती को कथित रूप से जिंदा जलाने के आरोप में उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार, मई माह में चंदला नगर के वार्ड क्रमांक-3 से डायल-112 को एक महिला के आग से झुलसने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से झुलसी महिला पुष्पा अहिरवार को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

उपचार के दौरान पुष्पा अहिरवार ने पुलिस को दिए गए बयान में अपने साथी राम मनोज कुशवाहा पर विवाह को लेकर हुए विवाद के चलते ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने का आरोप लगाया था। पीड़िता के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।



इलाज के दौरान पुष्पा अहिरवार की मौत हो जाने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में हत्या की धारा भी जोड़ दी। इसके बाद चंदला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राम मनोज कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, मृतका लंबे समय से आरोपी के साथ रह रही थी और दोनों का एक पुत्र भी है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने करीब 15 दिन पूर्व महिला के ऊपर डीजल डालकर आग लगा दी थी। घटना के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा ग्वालियर जाकर जीरो पर कायमी की गई थी। महिला की मृत्यु के बाद मामले की जांच एसडीओपी लवकुशनगर को सौंपी गई, जिन्होंने जांच उपरांत आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की। मामले का एक और गंभीर पहलू यह है कि आरोपी राम मनोज कुशवाहा की पहली पत्नी की वर्ष 2013 में संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो चुकी है। वहीं वर्ष 2025 में उसकी वर्तमान पत्नी भी आग से झुलसी थी। हालांकि इन दोनों मामलों में पर्याप्त साक्ष्य न मिलने के कारण कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकी थी। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही उसके पूर्व के मामलों की भी जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि उन घटनाओं में क्या परिस्थितियां थीं और क्या कोई अपराध दर्ज किया गया था।

## मुख्यमंत्री की सद्बुद्धि के लिए कांग्रेस ने किया हवन, सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

### छतरपुर में जुटे दिग्गज; जिला प्रभारी और पूर्व विधायकों ने संगठन सृजन के साथ ही प्रशासन पर भेदभाव के लगाए

**छतरपुर**। मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर सियासी पारा गरमा गया है। इसके विरोध में आज छतरपुर जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ व हवन किया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह सद्बुद्धि यज्ञ सत्ता पक्ष को यह याद दिलाने के लिए है कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाया नहीं जा सकता और न ही नेताओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग स्वीकार्य है।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान नवनियुक्त जिला कांग्रेस प्रभारी सुखेंद्र सिंह बन्ना, जिला अध्यक्ष गगन यादव, पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी (पज्जन), पूर्व विधायक नीरज दीक्षित सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। हवन के बाद जिला समन्वय समिति और नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक भी संपन्न हुई।




मीडिया से बातचीत करते हुए जिला कांग्रेस प्रभारी सुखेंद्र सिंह बन्ना ने मुख्यमंत्री मोहन यादव पर तीखा और सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा, मोहन यादव मुख्यमंत्री नहीं बल्कि मैं तो यह कहूंगा कि वह मूर्खमंत्री हैं। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी लगातार किसानों और नौजवानों की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन भाजपा नेताओं को इसका घमंड हो गया है। चुनाव के परिणाम तो आते-जाते रहते हैं, लेकिन भाजपा की सरकारें—चाहे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार हो या प्रदेश सरकार—सब वोट चोरी, पर्ची और ईवीएम की सरकारें हैं। अगर इनमें दम है, तो बैलेट पेपर से चुनाव करा लें, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

बन्ना ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री को अपनी जुबान संभालनी चाहिए। उन्हें कांग्रेस पर कीचड़ उछालने के बजाय प्रदेश की त्रस्त जनता पर ध्यान देना चाहिए। राज्य में न गैस सिलेंडर मिल रहा है, न किसानों को खाद मिल रही है। महंगाई चरम पर है और डीजल-पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं। कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाई है और 70 सालों तक देश को आगे बढ़ाया है, इसलिए मोहन यादव द्वारा दिया गया बयान उन्हें शोभा नहीं देता।

### विपक्ष की बात सुननी पड़ेगी, जैसे सुनेंगे वैसे सुनाएंगे: आलोक चतुर्वेदी

पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी ने भी प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हम विपक्ष में हैं, हम इस बात को स्वीकार करते हैं और जनता की लड़ाई मुस्तैदी से लड़ेंगे। चाहे वह महंगाई का मुद्दा हो, किसानों की समस्या हो, युवाओं का रोजगार हो या महिलाओं पर अत्याचार—कांग्रेस हमेशा सड़क पर उतरेगी। लेकिन शासन और प्रशासन को हमारी बात सुननी पड़ेगी। वे हमें कब तक नजरअंदाज करेंगे? वे जैसे सुनेंगे, हम वैसे सुनाएंगे। उन्होंने पन्ना नेशनल पार्क की एक घटना का जिक्र करते हुए प्रशासन पर दोहरे मापदंड (भेदभाव) का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जब हमारे प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और हम लोग नेशनल पार्क गए, तो हमारे नेताओं की पीओआर काट दी गई। वहीं दूसरी ओर, सत्ता पक्ष के पूर्व विधायक और महिला आयोग की वर्तमान अध्यक्ष को बिना किसी रोक-टोक और अनुमति के अंदर जाने दिया गया।

## बागेश्वर महाराज के संकल्पों की सिद्धि के लिए हो रहा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

### अमेरिका, नेपाल के अलावा देश के 187 जिलों से जुड़े शिष्य मंडलों के सदस्य

**छतरपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के संकल्पों की पूर्ति एवं लोककल्याण की भावना से देशभर में जुड़े बागेश्वर धाम शिष्य मंडलों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में विभिन्न राज्यों के श्रद्धालुओं ने एक साथ जुड़कर प्रभु श्री हनुमान जी की आराधना की और राष्ट्र एवं समाज के सुख-समृद्धि की कामना की।**

इसी क्रम में छतरपुर स्थित विद्युत मंडल स्टोर कॉलोनी में भी श्रद्धालुओं ने एकत्र होकर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। पूरे वातावरण में जय श्रीराम और बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे जिससे क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। शिष्य मंडल के सदस्यों ने बताया कि बागेश्वर महाराज के मार्गदर्शन में यह विशेष अनुष्ठान निरंतर संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक मंगलवार रात्रि 8:15 बजे न केवल देशभर के शिष्य मंडल बल्कि अमेरिका और नेपाल के शिष्य मंडलों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसका उद्देश्य बागेश्वर महाराज के जनकल्याणकारी संकल्पों की सिद्धि, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। आयोजन के अंत में श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री हनुमान जी से सभी के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य एवं समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से लेखाधिकारी वायु नंदन पांडे, शिवम मिश्रा, आरके तिवारी, पवन मिश्रा, कमल अवस्थी, हरि शंकर लोहिया, शैलेंद्र तिवारी मिंटू, आशीष खरे, दया शंकर चतुर्वेदी, प्रिंस साहु सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित हुए।



## एनटीपीसी विंध्याचल मे सुरक्षा जागरूकता एवं स्वच्छता संदेश से प्रेरित हुईं जेम-2026 की बालिकाएँ

**सिंगरौली**। एनटीपीसी विंध्याचल की बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के अंतर्गत बालिकाओं के लिए एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें महिला एवं बाल संरक्षण विभाग के चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर श्री नीरज शर्मा ने व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्मविश्वास, अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा किसी भी समस्या के विरुद्ध निर्भीक होकर अपनी बात रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। संवादात्मक शैली में आयोजित इस सत्र ने बालिकाओं को खुलकर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया तथा उन्हें अधिक जागरूक, आत्मविश्वासी एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाली जेम-2026 की 63 बालिकाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वच्छता एवं स्वच्छ पर्यावरण के संदेश को बढ़ावा देने वाली इस पहल ने बालिकाओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर श्री प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा श्री डेविड देशमुख, कार्यपालक(सीएसआर) भी उपस्थित रहे।



## सिक्कल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड कंपनी निगाही की सराहनीय पहल स्कूल छात्रों को बांटे सायकल,बैग व अन्य सामग्री

**सिंगरौली**। शासकीय मिडिल स्कूल मुहेर व जीवन ज्योति स्कूल निगाही में सिक्कल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड कंपनी निगाही द्वारा CSR कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सिक्कल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड कंपनी द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) कार्यक्रम के अंतर्गत आज शासकीय मिडिल स्कूल, मुहेर पोखरा टोला में एक सामाजिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ावा देना है।इसी प्रकार दो जून को जीवन ज्योति स्कूल निगाही मे सिक्कल कंपनी द्वारा छात्राओं को सायकल, सभी छात्रों को पानी का वाटल, स्कूल बैग साथ ही स्कूल के लिए छत का पंखा, पानी की टंकी निशुल्क प्रदान की गई। दो जून के कार्यक्रम जीवन ज्योति स्कूल निगाही मे मुख्य अतिथि के रूप मे राजेन्द्र वर्मा (महाप्रबंधक एनसीएल निगाही ),सिताँशु वर्मा परियोजना अधिकारी निगाही, अभिषेक यादव तहसीलदार, राघवेंद्र सिंह एएसओ निगाही, आशीष त्रिपाठी, आदित्य नाथ सिंह बघेल (अध्यक्ष सिक्कल लॉजिस्टिक लिमिटेड ),विनोद कुमार, निशित निश्चल महाप्रबंधक सिक्कल लॉजिस्टिक लिमिटेड, रणजीत सिंह एचार हेड,संजय सिंह ईएचएस हेड की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राघवेन्द्र सिंह (एएसओ, निगाही एनसीएल ) एवं डी.एन. श्रीवास्तव उपस्थित रहे। सिक्कल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की ओर से बिनोद कुमार (प्रोजेक्ट हेड), रणजीत सिंह (एचआर हेड), सिद्धार्थ सिंह (प्रोजेक्ट मैनेजर) एवं संजय सिंह (ईएचएस मैनेजर) कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को आवश्यक सामग्री एवं सुविधाएँ प्रदान की गईं। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए मेहनत, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए।विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने सिक्कल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के इस सराहनीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में समापन हुआ।एनसीएल मे ओबी का कार्य कर रही सिक्कल कंपनी के द्वारा इस प्रकार का सहयोग एवं सराहनीय कदम के लिए विस्थापित क्षेत्रो मे प्रशंसा हो रही है।





## महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एनटीपीसी विंध्याचल की पहल

**सिंगरौली**। एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 03 जून 2026 को गहिलगढ़ पश्चिम आंगनवाड़ी केंद्र में ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में डॉ. मयूराक्षी भराली, प्रबंधक (चिकित्सा) ने प्रतिभागियों को मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, स्वच्छता के महत्व तथा संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर लगभग 200 महिलाओं एवं किशोरियों को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए तथा उनके सही उपयोग एवं सुरक्षित निस्तारण के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में श्री डेविड देशमुख, कार्यकारी (सीएसआर), डॉ. मयूराक्षी भराली, प्रबंधक (चिकित्सा), श्रीमती सविता पटेल, कनिष्ठ अधिकारी (चिकित्सा) एवं श्रीमती देवमती बाबू नंदन बंसल, वार्ड पार्षद सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएँ तथा बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएँ उपस्थित रहीं। यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान एवं सामुदायिक कल्याण के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## एनसीएल की परियोजना एवं इकाइयों में आगामी 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य में विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में आगामी 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य में पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत कंपनी की सभी परियोजना और इकाइयों में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एनसीएल मुख्यालय, निगाही, कृष्णशिला, अमलोरी परियोजना एवं नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में पर्यावरण जागरूकता रैली, वेस्ट टू वंडर, पर्यावरण जी.ए. ओलम्पियाड एवं प्रश्नोतरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

### 'आरोहण' के 1180 बच्चों ने संभाली कमान, पर्यावरण संरक्षण के नारों से गूंजा परिसर

एनसीएल में आयोजित पर्यावरण सप्ताह का सबसे खूबसूरत रंग कंपनी के "आरोहण" समर कैंप 2026 के बच्चों ने बिखेरा। कैंप के लगभग 1180 बाल प्रतिभागियों ने पर्यावरण जागरूकता रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में तख्तियां थामे इन बच्चों ने आम जनता को वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने "पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ", "स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन" और "हरित पृथ्वी, सुरक्षित भविष्य" जैसे जोशीले नारों से पूरे माहौल को पर्यावरण मय कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से सिंगल-यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और प्राकृतिक संसाधनों को सहेजने हेतु आह्वान भी किया।



### कबाड़ से जुगाड़ः 'वेस्ट टू वंडर' में दिखा हुनर

'वेस्ट टू वंडर' प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपशिष्ट सामग्री से आकर्षक एवं उपयोगी मॉडल तैयार कर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रदर्शित मॉडलों में एयर प्यूरीफायर, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी मॉडल, वाटर प्यूरीफायर, होम डेकोर उत्पाद सहित अनेक कार्यशील एवं गैर-कार्यशील) मॉडल शामिल रहे।

गौरतलब है कि 'विश्व पर्यावरण दिवस' प्रतिवर्ष 5 जून को वैश्विक स्तर पर प्रकृति के संरक्षण के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस "प्रकृति से प्रेरितः जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए" विषय पर मनाया जाएगा।

जिले भर में बेखौफ हैं मेडिकल स्टोर संचालक

# पुलिस को नहीं मिलता ड्रग इंस्पेक्टर का सहयोग, बढ़ रही वारदातें शहर से लेकर कस्बों तक चल रहा मेडिकल नशे का कारोबार



**रीवा।** जिले की मेडिकल एजेंसियां और स्टोर दुकानें लोगों का जीवन बचाने के बजाय मेडिकल नशे का सुत्रधार बन चुकी है। नशीली सिरप की धर-पकड़ के पुलिस अभियान के चलते अब युवाओं को सस्ते दर पर टैबलेट परोसी जा रही है। शहर से लेकर कस्बों तक लाइसेंस की आड़ में ऐसी कई टैबलेट 10-20 रुपए में चोरी छिपे बेची जा रही है सबसे बड़ा सवाल तो ये है कि मेडिकल स्टोर का लाइसेंस स्वास्थ्य विभाग प्रदान करता है, लेकिन इसी विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर जीवन रक्षक की जगह जीवन भक्षक दवाइयों की बिक्री पर जिम्मेदारी से किनारा कर बैठे हैं। बोत एक साल में पुलिस द्धारा मेडिकल नशा के विरुद्ध कई बड़ी और प्रभावी कार्रवाई की गई, लेकिन ड्रग स्पेक्टर या फिर सीएमएचओ के स्तर पर एक भी मामला सामने नहीं आया है क्या मेडिकल एजेंसियां और स्टोर संचालकों की इस कारोबार में भूमिका नहीं है, अथवा ड्रग इंस्पेक्टर ऐसे गोरखधंधे से अनजान हैं। मेडिकल स्टोर के लाइसेंस से लेकर संचालन तक की अनियमितता रोकने की जबाबदारी ड्रग इंस्पेक्टर की है, जिनके स्तर पर मेडिकल नशे को वर्षो से नजरअंदाज किया जा रहा है, इसकी वजह समझ से परे है। स्वास्थ्य विभाग के जनकारों ने बताया कि रीवा जिले में बड़े पैमाने पर मेडिकल स्टोर खुले हुए है। हालांकि स्वस्थ्य विभाग इनकी तादात करीब 2500 बता रहा है, जिनके लाइसेंस जारी किए गए है। बताया जाता है कि लाइसेंस से लेकर संचालन तक सब के नियम तय है, लेकिन लाइसेंस की आड़ में किर संचालक मेडिकल न के धंधे से परहेज नहीं कर रहे मेडिकल संचालकों की मनमानी के पीछे सबसे बड़ा कारण ड्रग इंस्पेक्टर स्तर पर इस धंधे की अनदेखी को बताया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्धारा नियमित मेडिकल स्टोर की नियमित जांच न किया जाना और जांच के बहाने निजी हितो को तब किया जाना मेडिकल नशे को बढ़ाव देने की अहम वजह भी है। दोनों जिले में मेडिकल स्टोर पर कारोबार की रोकथाम के लिए 3 ड्रग इंस्पेक्टर है, जिसमें ऑन ड्यूटी हैं, जबकि एक प्रशिक्षण पर है।गोलियों के लिए कोड नेम फिक्समेडिकल नशे की तरफ युवा पीढ़ी के बढने का सबसे बड़ा कारण इसकी कम करें हैं। 3 रुपए से नशे की गोलियां मिलने लगती है, जिसके बाद क्षमता के अनुसार लोग इन नशीली दवाइयों की खरीद करते हैं। बताया गया कि एल्प्राजौलम नाम की गोली जिसके लिए बटन कोड का इस्तेमाल किया जाता है। बताते हैं कि यह टैबलेट 10 गोलियों का पता 30 रुपए में मिल जाता है। इसके अलावा एक पारमो जिसे बंटा के नाम से मांगा जाता है। समूचे जिले में सबसे अधिक डिमांड इस समय माहौल और दवाई के नाम से पुकारी जाने वाली नशीली सिरप ऑनटेक्स व रेसकप की है। आलम यह है कि 100-125 रुपए में आने वाली ये सिरप 500-600 रुपयों में बिक रही है।चिन्हित अड्डों में चलता है कारोबारवैसे तो जिले भर में नशीली दवाइयों की बिक्री हो रही है, लेकिन इन नशीली दवाइयों की बिक्री कुछ चिनित मेडिकल स्टोर में खुलेआम हो रही है। इसमें अस्पताल चौराहा, खुटेही इटौरा, कवाड़ी मोहल्ला, गुढ़ चौराहा, बिछिया, एसएएफ चौराहा, पीटीएस, न्यू बस स्टैंड आदि हैं। बता दें कि मेडिकल नशा को खत्म करने के लिए आईजी रीवा जोन लगातार कार्यवाही भी करवा रहे है इसके बाद भी इस कारोबार पर लगाम नही लगा पा रही है। जिसकी प्रमुख वजह यह है कि मेडिकल पर लगारक कसने वाले पुलिस का सहयोग नही करते है और मेडिकल नशे का कारोबार बड़ी आसानी से जिले भर में चल रहा है।

## नेहरू नगर में टूटे तीन नल कनेक्शनों की जल आपूर्ति आज आठवें दिन भी सही नहीं हुई कई मोड़ वाले नल कनेक्शनों और पाइप लाइन में रिसाव से भी होती है जल आपूर्ति बाधित

**रीवा ।** नेहरू नगर वार्ड नंबर 13 में नगर पालिका निगम रीवा के ठेकेदार के द्वारा जेसीबी से कराई गई नाली की खुदाई के चलते 27 मई को सीनियर एमआईजी कॉलोनी के नल उपभोक्ताओं की पाइप लाइन के बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तीन कनेक्शनों को बनाने का काम आठवें दिन भी अधर में लटका हुआ है। अभी क्षतिग्रस्त दो नल कनेक्शनों को मुख्य पाइप लाइन से जोड़ने का काम कराया गया लेकिन जेसीबी के झटके से आगे तक क्षतिग्रस्त हुई पाइपलाइन में भारी जल रिसाव होने से जल आपूर्ति नहीं हो पा रही । इनमें से एक पाइप लाइन को कई मोड़ देकर जोड़ा गया है। इसमें आगे भारी जल रिसाव भी है। तीसरी नल पाइप लाइन को जोड़ने का काम अभी शुरू नहीं हुआ । मुख्य पाइप लाइन में उसका पॉइंट खोजा जा रहा है। दूसरे छोर की पाइपलाइन का अभी तक पता नहीं चल पाया है। लगातार 8 दिन से पानी नहीं मिलना काफी गंभीर सवाल है। इस बात को लेकर नारी चेतना मंच एवं समता सम्पर्क अभियान ने गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि शहर में नल जल आपूर्ति ही लोगों का एकमात्र साधन है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। नगरीय प्रशासन को इसे तत्काल ठीक कराना चाहिए। पाइपलाइन को फिर से सही तरीके से जोड़ा जाना चाहिए। उसमें किसी तरह का लीकेज और मोड़ नहीं होना चाहिए। नल पाइपलाइन में कई मोड़ होने से पानी का प्रेशर कम (**drop**) हो जाता है। जब पानी पाइप के किसी मोड़ या एल्बो (**elbow**) से गुजरता है, तो



उसे घर्षण और दिशा बदलने के कारण रुकावट का सामना करना पड़ता है, जिससे गति और दबाव दोनों घट जाते हैं। जब पानी तेजी से बहता हुआ 90-डिग्री या 45-डिग्री के मोड़ से टकराता है, तो उसकी ऊर्जा का एक हिस्सा नष्ट हो जाता है, जिसे इंजीनियरिंग में श्हेड लॉस कहते हैं। यदि पूरी पाइपलाइन में बहुत अधिक मोड़ हैं, तो नल तक पहुंचते-पहुंचते प्रेशर काफी कमजोर हो जाएगा।अगर पाइप पतली है या उसमें कई मोड़ हैं, तो प्रेशर ज्यादा कम होता है। इसलिए अक्सर प्लंबर मोड़ों पर बड़े व्यास की पाइप का इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। इस बारे में नगरीय प्रशासन को सख्त कार्रवाई करना चाहिए।

## रोजगार मेला मानस भवन रीवा में 5 जून को

**रीवा ।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत मानस भवन रीवा में 5 जून को सुबह 11बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 5 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 12 हजार रुपए से 15 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में यूनो मिडा लिमिटेड, टाटा ऑटो क्राप्ट प्रा. लिमिटेड, विकास ग्रुप फरिदाबाद, गोदरेज कांज्यूमर प्रोडेक्टस लि. तथा मैरिको लिमिटेड की कंपनियां भी शामिल होंगी।

## बाड़े से 19 भेड़ चोरी, जाली काटकर ले गए बदमाश घटना स्थल पर मिले पिकअप वाहन के टायर के निशान, बैकुण्ठपुर थाना क्षेत्र के तिलखन गांव का मामला

**रीवा।** जिले में मवेशी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में सरकारी शव वाहन का उपयोग कर बकरा-बकरी चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा होने के बाद अब बैकुण्ठपुर थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में भेड़ों की चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाशों ने एक पशुपालक के बाड़े में घुसकर 19 भेड़ों को चोरी कर लिया। घटना के बाद क्षेत्र के पशुपालकों में दहशत का माहौल है।जानकारी के अनुसार बैकुण्ठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलखन गांव निवासी आनंदपाल के बाड़े को बीती रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। बताया गया है कि आनंदपाल के बाड़े में लगभग 160 भेड़ें थीं। देर रात बदमाश बाड़े तक पहुंचे और सुरक्षा के लिए लगाई गई जाली को काटकर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद उन्होंने 19 भेड़ों को अपने कब्जे में लेकर मौके से फरार हो गए। सुबह जब पशुपालक बाड़े में पहुंचा तो भेड़ों की संख्या कम देखकर उसके होश उड़ गए। निरीक्षण करने पर बाड़े की जाली कटी हुई मिली, जिससे चोरी की घटना की पुष्टि हुई। पीड़ित ने तत्काल आसपास के लोगों को सूचना दी और भेड़ों की तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका।घटना स्थल पर पिकअप वाहन के टायरों के निशान भी पाए गए हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि चोर किसी पिकअप वाहन से मौके पर पहुंचे थे और चोरी की गई भेड़ों को उसी वाहन में लादकर ले गए। पुलिस भी इस संभावना को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पीड़ित आनंदपाल ने बताया कि भेड़ पालन ही उसके परिवार की आजीविका का प्रमुख साधन है। एक साथ 19 भेड़ों की चोरी से उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उसने मामले की लिखित शिकायत बैकुण्ठपुर थाने में दर्ज कराई है।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ संदिग्ध वाहनों की जानकारी जुटा रही है। साथ ही टायर के निशानों के आधार पर भी चोरों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।गौरतलब है कि जिले में पिछले कुछ समय से मवेशी चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों में चिंता बढ़ गई है।



# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले अधिवक्ता, सुरक्षा व आर्थिक सहायता की मांग.



**रीवा** 1 प्रदेश के वकीलों की लंबित समस्याओं और मांगों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को कार्यालय में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया है। राज्य अधिवक्ता परिषद मध्यप्रदेश चुनाव वर्ष 2026 में प्रचार प्रसार के दौरान पूरे मध्य प्रदेश के न्यायालयों में मिले फीडबैक के अनुसार- युनाइटेड वाइस आफ एडवोकेट्स के संयोजक रघुबंश प्रसाद पाण्डेय 'विनायकम्' अधिवक्ता, हाई कोर्ट जबलपुर के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में प्रदेश के नवागत अधिवक्ताओं की आर्थिक दिक्कतों, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में मुख्य रूप से उल्लेख किया गया है कि मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण स्कीम 2012 के अंतर्गत नवागत वकीलों को शुरुआती दौर में कार्यालयीन व्यवस्था और विधि व्यवसाय को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 12,000 की प्रतिपूर्ति राशि दी जाती है। यह राशि राज्य अधिवक्ता परिषद मध्य प्रदेश, जबलपुर के माध्यम से वितरित होती है, जो कि सन् 2021 के बाद से लगभग सभी नवागत अधिवक्ताओं को अप्राप्त है। 2021 से 2026 तक की इस राशि के न मिलने से नए वकीलों के सामने आजीविका और व्यवसाय संचालन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इसके समाधान के लिए विधि मंत्रालय भोपाल से शेष राशि तत्काल जारी कराने हेतु अनुशंसा पत्र भेजने का आग्रह किया गया है। अधिवक्ताओं की प्रमुख मांग एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट- अन्य राज्यों की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' तत्काल लागू किया जाए और इस संबंध में मुख्यमंत्री को अनुशंसा पत्र भेजा जाए। राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा के दौरान अधिवक्ताओं को उनके वैध परिचय पत्र के आधार पर टोल शुल्क से मुक्त रखा जाए। इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पत्र लिखा जाए। विधि मंत्रालय मध्य प्रदेश से वर्ष 2021 से रुकी हुई 12,000 की राशि नए अधिवक्ताओं को तुरंत जारी कराई जाए। गंभीर बीमारियों से पीड़ित वकीलों को राज्य अधिवक्ता परिषद के माध्यम से शासन की सहभागिता से इलाज का संपूर्ण व्यय दिलाया जाए और मेडिकल क्लेम की समयावधि तय की जाए।

### प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

रघुबंश विनायकम् व्दारा अपने सहयोगियों के साथ साल श्रीफल व पुष्प गुच्छ से प्रदेश अध्यक्ष जी का आत्मीय स्वागत किया गया, इस अवसर पर नर्मदापुरम से जिला कोषाध्यक्ष (कैट) उदित द्विवेदी, जिला महामंत्री गौरव सेठ, बैतूल से समाजसेवी विजयकांत परसाई एवं वरिष्ठ व्यवसायी निर्मल यादव द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का बैतूल आत्मीय स्वागत किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान नर्मदापुरम से बैतूल के शासकीय अधिवक्ता नरेश मिश्रा समेत जबलपुर हाई कोर्ट से आए अधिवक्तागण नरेंद्र मिश्रा, प्रभात रंजन त्रिवेदी, उपेन्द्र सिंह, आशीष सिंह, दिव्येंदु शेखर शर्मा, शुभम पाण्डेय, प्रदीप सिंह, शैलेश तिवारी, ज्वाला प्रताप सिंह एवं बैतूल के स्थानीय सम्मानीय अधिवक्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस ज्ञापन की एक प्रतिलिपि राज्य अधिवक्ता परिषद, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है।

## बाणसागर बांध के डूब प्रभावित क्षेत्रों को 15 जून तक खाली कराएं - कमिश्नर

### कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिए आपदा प्रबंधन के निर्देश



**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने बाणसागर बांध से डूब प्रभावित क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की समीक्षा की। कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 15 जून तक सभी जिलों में बाढ़ और अतिवृष्टि से बचाव के लिए कंट्रोल रूम स्थापित कर दें। बाणसागर बांध के डूब क्षेत्र को 15 जून तक खाली करा लें। गर्मियों में कच्चे मकान और झोपड़ी बनाकर यदि कोई निवास कर रहा है तो उसे एसडीएम सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाएं। लगातार वर्षा होने पर बांध के जल स्तर की हर घंटे सूचना जारी करें। बांध से पानी छोड़ने से कम से कम 24 घंटे पहले निचले क्षेत्र के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सूचना अवश्य दें। जल संसाधन विभाग के अधिकारी मैहर, सतना, कटनी, शहडोल, सीधी तथा सिंगरौली जिलों में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को बाढ़ प्रबंधन के संबंध में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दें। इसके लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में इन जिलों के संबंधित अधिकारियों के नम्बर शामिल कराएं।कमिश्नर ने कहा कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, बिजली विभाग, पीएचई, पशुपालन विभाग, खाद्य विभाग तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी सतत संपर्क में रहें। इन विभागों के आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के नम्बर कंट्रोल रूम में उपलब्ध कराएं। वर्षा तथा बाढ़ के संबंध में सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं एक-दूसरे को समन्वय से प्रदान करें। किसी भी तरह की आपात स्थिति आने पर सब मिलकर कार्य करें। बाढ़ की स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित रखने के लिए राहत शिविरों का स्थल निर्धारित कर लें। राहत शिविरों में भोजन, पानी, प्रकाश, बिजली तथा उपचार की समुचित व्यवस्था कर लें। बाढ़ प्रभावित प्रत्येक गांव में कुशल तैराकों तथा गोताखोरों के नाम और नम्बर प्राप्त करके कंट्रोल रूम में रखें। व्हाट्सएप ग्रुप में भी इनके नम्बर उपलब्ध करा दें। कमिश्नर ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में जलमग्न होने वाले पुलों पर साइन बोर्ड और बैरियर तत्काल लगवा दें। इनमें लोक निर्माण विभाग तथा स्थानीय निकाय के कर्मचारी तैनात करें। सभी वाटरफॉल में भी सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध करें। कमिश्नर ने मार्कण्डेय घाट, सरसी आईलैण्ड तथा अन्य स्थानों पर सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री बाणसागर बांध एसके शर्मा ने बताया कि जल भराव क्षेत्र में आठ स्थानों पर वर्षा तथा नदी के जल स्तर की जानकारी के लिए टीम तैनात रहती है। बाणसागर की टीम सभी जिलों के कंट्रोल रूम से सतत संपर्क में रहती है। बैठक में डीआईजी हेमंत चौहान, संभागीय कमाण्डेंट एमएस पंद्रो, मुख्य अभियंता ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों तथा कटनी, उमरिया और शहडोल जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक बैठक में शामिल हुए।




## सोशल मीडिया के जरिए संगठन को मजबूत करेगी कांग्रेस, सोशल मीडिया वारियर' अभियान की हुई शुरुआत

**रीवा।** बदलते राजनीतिक और डिजिटल परिवेश में सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने संगठन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में नई पहल शुरू की है। पार्टी द्वारा प्रदेशभर में 'सोशल मीडिया वारियर' अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जोड़कर पार्टी की विचारधारा और गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस संबंध में उर्रहट स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी हनुमान सिंह तथा शहर सोशल मीडिया प्रभारी रामजस द्विवेदी ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी।जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश स्तर पर सोशल मीडिया क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान और उन्हें संगठन से जोड़ने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके तहत सोशल मीडिया पर सक्रिय युवाओं को पार्टी की डिजिटल टीम का हिस्सा बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के लिए आवेदन प्रक्रिया 31 मई से शुरू हो चुकी है, जो 15 जून तक चलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में सोशल मीडिया जनसंपर्क, संवाद और जनमत निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। राजनीतिक दलों के लिए भी यह जनता तक अपनी बात पहुंचाने का सशक्त मंच बन चुका है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता और युवा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़ना चाहिए, ताकि पार्टी की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर उसे व्यापक स्तर पर साझा किया जा सके। इससे संगठन की पहुंच बढ़ेगी और कांग्रेस की आवाज अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सोशल मीडिया वारियर अभियान प्रदेश में कांग्रेस संगठन को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ युवाओं को पार्टी से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पत्रकार वार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल (झब्बू), संगठन महासचिव सज्जन पटेल सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जगद्गुरू रामललाचार्य जी से उप मुख्यमंत्री ने लिया आशीर्वाद,

## श्रीराम कथा एवं श्रीराम महायज्ञ का हुआ शुभारंभ





**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि श्रीराम कथा भवसागर से पार उतारती है। एक राम नाम ही इस शरीर रूपी रथ का संवाहक है। ऐसे अवसर बड़े मनोरथों के उपरांत आते हैं इसलिए हम सब अपने मनोरथ को पूर्ण करें। शुक्ल श्रीराम कथा एवं श्रीराम महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर शामिल हुए। उन्होंने जगद्गुरू रामललाचार्य जी से आशीर्वाद लिया। श्रीराम जानकी मंदिर नजरबाग बाबूपुर में आयोजित श्रीराम कथा में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जगद्गुरू की अमृत वाणी से रामकथा का रसास्वादन 9 दिनों तक होगा और जनमानस कृतार्थ होगा तथा श्रीराम के चरित्र को अपने हम्दय में बसायेगा। उन्होंने कहा कि श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की कथा ज्ञान की गंगा है और जब वह महाराज जी जैसे ऋषियों की अमृत वाणी से कही जायेगी तो और भी ज्ञानप्रद होगी। उन्होंने कहा कि महाराज जी का आगमन सौभाग्य की बात है। यह स्थल तीर्थ बनेगा। आज कथा का प्रथम दिवस है और भक्तजनों में अपार उत्साह है। मंदिर में होने वाली रामकथा का सौ गुना लाभ मिलता है। श्री शुक्ल ने कहा कि ईश्वर की कृपा और गौमाता के आशीर्वाद से ही रीवा का विकास हुआ है। मनुष्य के हाथ में कुछ नहीं है सब कुछ ईश्वर की कृपा से ही होता है। उन्होंने कहा कि भगवान भक्त से प्रसन्न होते हैं और शरणागत को ही भक्त मानते हैं। प्रथम दिवस की कथा में जगद्गुरू ने श्रीराम के चरित्र का गुणगान करते हुए कहा कि श्रीराम हमारे रोम-रोम में बसते हैं। उनके द्वारा स्थापित आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। राम का चरित्र सर्वश्रेष्ठ है और इतिहास में रामायण सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है। विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. पंचूलाल प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भक्तजनों ने प्रथम दिवस की कथा का श्रवण किया। गतदिवस निकाली गई कलश यात्रा रामकथा से पूर्व गतदिवस कलश यात्रा का आयोजन संपन्न हुआ। बीटीएल बाला जी मंदिर से आरंभ होकर कलश यात्रा भुंइया बाबा की पूजा-अर्जना के उपरांत श्रीराम जानकी मंदिर में संपन्न हुई। इस दौरान जगद्गुरू का भक्तजनों ने स्वागत एवं वंदन किया।

## सिलपरा डैम में डूबा सेना का जवान, एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन जारी, भाई-बहन के साथ घूमने पहुंचा था जवान



**रीवा।** शहर से सटे सिलपरा डैम में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। छुट्टियों पर घर आए भारतीय सेना के एक जवान की डैम में डूबने से लापता होने की खबर से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जवान अपने भाई और बहन के साथ सिलपरा डैम घूमने पहुंचा था। इसी दौरान नहाते समय उसका पैर फिसल गया और वह पानी के तेज बहाव के बीच गहराई में समा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई तथा जवान की तलाश के लिए व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जानकारी के अनुसार सीधी जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र अंतर्गत बघवार निवासी सचिन द्विवेदी (28) भारतीय सेना में पदस्थ हैं। बताया जा रहा है कि वह कुछ दिन पहले ही अवकाश पर अपने घर आए थे। बुधवार सुबह वह अपने भाई और बहन के साथ रीवा के सिलपरा डैम घूमने पहुंचे थे। इसी दौरान तीनों पानी के पास पहुंचे और सचिन नहाने के लिए डैम के पानी में उतर गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नहाने के दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए। डैम में पानी का बहाव तेज होने के कारण वह खुद को संभाल नहीं सके और देखते ही देखते पानी में लापता हो गए। घटना के बाद उनके भाई-बहन ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास मौजूद लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके साथ ही एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। जवान की तलाश के लिए तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन डैम में अधिक जलस्तर और तेज बहाव के कारण रेस्क्यू टीम को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीआरएफ के जवान लगातार पानी में उतरकर खोजबीन कर रहे हैं। वहीं प्रशासन द्वारा डैम से छोड़े जा रहे पानी को बंद कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।दो दिन पहले छोड़ा गया था डैम का पानीसिलपरा डैम से दो दिन पहले ही पानी छोड़ा गया था, जिसके कारण नहर और डैम क्षेत्र में जलस्तर बढ़ा हुआ है। पानी का बहाव भी सामान्य दिनों की तुलना में अधिक बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि इसी तेज बहाव में फंसने के कारण जवान गहराई में चला गया। प्रशासन अब डैम का पानी रोकने की कवायद कर रहा है ताकि खोज अभियान को प्रभावी बनाया जा सके।

## अंतरराष्टीय तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मऊगंज।** जिले के बेलहाई मेविश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन म.प्र.वालेंटी हेल्थ एसोसिएशन एवं विनोबा ग्रामोदय प्रतिष्ठान मऊगंज के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक भवन में दिनांक 01.06.2026 को आयोजित किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों के अतिरिक्त युवा,महिलाये, छात्र एवं छात्राओ ने अपनी सहभागिता निभाई। विनोबा ग्रामोदय प्रतिष्ठान की ओर से संस्था प्रमुख मोहन दुबे कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में पन्नालाल प्रजापति ने अपने संबोधन मे कहा कि सिगरेट के धुएं का धुआ वायु प्रदुषण के स्तर को बढा रहा है इसमें तीन प्रकार की ग्रीन हाउस गैसे होती है कार्बन डाई ऑक्साइड मीथेन नाइट्रेट्स ऑक्साइड जो आन्तरिक एवं बाहरी वातावरण को प्रदुषित कर रही है सार्वजनिक स्थानों पर ध्रूमपान वायु प्रदुषण बढाता है । परोक्ष ध्रूमपान से हृदय एवं स्वसन संबंधित बीमारिया होती है । हर वर्ष वैश्विक स्तर पर लगभग 12 लाख लोगो की अकाल मृत्यु के लिए तम्बाकू सेवन / ध्रूमपान जिम्मेदार है । हमें तम्बाकू सेवन रोकना होगा आप सबसे पहले स्वयं जानकार बने एवं अपने परिवार और समाज को जागरूक कर तम्बाकू सेवन जैसी गंभीर मुददो से बचने की सलाह दे । कार्यक्रम में मोहन दुबे द्वारा बताया गया कि तम्बाकू के भ्रामक प्रचार विज्ञापन एवं हमउम्र साथियों से प्रेरित होकर बेचना प्रतिबंधित है । जागरूकता निगरानी एवं कानून के परिपालन में आप सहयोग दे । कार्यक्रम में शिवशंकर श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे उन्होंने कहा की हमें हर दिन तम्बाकू निषेध दिवस मनाना चाहिए । कार्यक्रम में छात्रों को ग्रामीण अंचल में बच्चो को नशीला पदार्थ सेवन करने से परहेज करने के लिए आगे आने के लिए आवाहन किया गया । कार्यक्रम में ममता पटेल द्वारा महिलाओ को नशामुक्त समाज बनाने के लिए पहल करने के लिए प्रेरित किया । सभी को पहले स्वयं को नसामुक्त रहने फिर दुसरे लोगो को नशा त्यागने की अपील करने का आवाहन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को तम्बाकू निषेध की सपथ दिलाई गई । कार्यक्रम में एमपी विएचए द्वारा प्राप्त प्रचार सामग्री वितरित की गई ।

## भारतीय किसान संघ ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा



**मऊगंज।** भारतीय किसान संघ तहसील इकाई मऊगंज के बैनर तले ग्राम समिति ग्राम बरयां कला के सैकड़ों किसानों ने मंगलवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार मऊगंज को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने राजस्व, कृषि और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का जल्द निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।भारतीय किसान संघ के ग्राम समिति अध्यक्ष की अगुवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि पूरा गांव वर्षों से प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। ज्ञापन में जिन मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है। किसानों के हित में ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की नक्शा तरमीम, सीमांकन, खसरा सुधार, वारिसाना व बटवारा जैसे सैकड़ों राजस्व प्रकरण वर्षों से लंबित हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि इन सभी प्रकरणों का निपटारा 15 जून से पहले अभियान चलाकर किया जाए,जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानी न हो।कृषि व योजनाओं का लाभ, बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाय गांव के सभी किसानों की फार्मर आईडी तत्काल बनवाई जाए, जिससे पीएम किसान सम्मान निधि समेत सभी शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही वंचित पात्र किसानों का सर्वे कराकर सम्मान निधि चालू की जाए। बुवाई के समय खाद-बीज की किल्लत न हो, इसकी पहले से व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों ने बताया कि संबल योजना व गरीबी रेखा के तहत जिन हितग्राहियों का बिल पहले 100 रुपया आता था, अब 1000 रुपए से 3000 रुपए तक आ रहा है। मनमानी औसत बिल पर रोक लगाई जाए व खराब मीटर तुरंत बदले जाएं। गांव में 4-5 आटा चक्कियों के कारण लोड बढ़ने से लो वोल्टेज की समस्या रहती है। हीरामणि मिश्र के घर के सामने सड़क किनारे दक्षिण तरफ 63 किलोवाट का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई। सड़क व स्ट्रीट लाइट एवं सड़क निर्माण कराया जाए नई तहसील मार्ग पर रात में अंधेरा रहने से लूटपाट व दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बायपास मार्ग पर प्राथमिकता से स्ट्रीट लाइट लगवाई जाए। साथ ही मऊगंज से तहसील तक सड़क के दोनों ओर पक्की नाली का निर्माण कराया जाए ताकि जलभराव न हो। ग्रामीणों ने बताया कि 10 किमी के दायरे में एक भी गौशाला नहीं है। आवारा मवेशी खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर रहे हैं। गांव के समीप नई गौशाला संचालित कर मवेशियों की व्यवस्था की जाए।तालाब का सौंदर्यीकरण एवं बंद रास्ता खुलवाया जाए गांव के पुराने तालाब की हालत जर्जर है। गहरीकरण व सौंदर्यीकरण कर सुंदर घाट का निर्माण किया जाए ताकि जल संरक्षण के साथ ग्रामीणों को निस्तार की सुविधा मिले।राजस्व मौजा तुरका की रास्ता रास्ता मुख्य मार्ग कुसुड़ी मुतालगे गंज से चल रही थी जिसका प्रमाण राजस्व रिकॉर्ड संबंधी गांव के भू अभिलेख में दर्ज है। युक्त मार्ग वर्तमान में विगत 3 वर्षों से अवरुद्ध है, जबकि यह नक्शे में दर्ज है। इस रास्ते को तत्काल खुलवाया जाए।ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं व युवा मौजूद रहे। ग्रामीणों ने तहसीलदार से कहा कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किसान संघ को मजबूरन धरना-प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। तहसीलदार ने ज्ञापन लेकर सभी बिंदुओं पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।भारतीय किसान संघ संभागीय एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति एवं तहसील अध्यक्ष विभूत विभूषण सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान मुख्य रूप से ग्राम समिति के अध्यक्ष वैदेही प्रसाद पांडेय, मंत्री जयप्रकाश पांडेय अरुण कुमार पांडेय सूर्यभान पांडेय नीलेश मिश्रा ठाकुर दिन यादव शिवशंकर श्रीवास्तव राजेंद्र प्रसाद पांडे नित्यानंद मिश्रा के साथ ग्राम समिति के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान मौजूद रहे